1000225 - B1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course A)
(पाठ्यक्रम अ)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए **15** मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

खण्ड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर उत्तर दीजिए : **5**

विद्यार्थी जीवन ही वह समय है जिसमें बच्चों के चरित्र, व्यवहार तथा आचरण को जैसा चाहे वैसा रूप दिया जा सकता है। यह अवस्था भावी वृक्ष की उस कोमल शाखा की भाँति है जिसे जिधर चाहे मोड़ा जा सकता है। पूर्णतः विकसित वृक्ष की शाखाओं को मोड़ना संभव नहीं। उन्हें मोड़ने का प्रयास करने पर वे टूट तो सकती है, पर मुड़ नहीं सकती। छात्रावस्था उस श्वेत चादर की तरह होती है जिसमें जैसा प्रभाव ड़ालना हो, डाला जा सकता है। सफ़ेद चादर पर एक बार जो रंग चढ़ गया, सो चढ़ गया; फिर से वह पूर्वावस्था को प्राप्त नहीं हो सकती। इसीलिए प्राचीन काल से ही विद्यार्थी जीवन के महत्त्व को स्वीकार किया गया है। इसी अवस्था में सुसंस्कार और सद्वृत्तियाँ पोषित की जा सकती है। इसीलिए प्राचीन समय में बालक को घर से दूर गुरूकुल में रहकर कठोर अनुशासन का पालन करना होता था।

(i) व्यवहार को सुधारने का सर्वोत्तम समय कौन सा है? **1**

(क) प्राचीन काल (ख) पूर्वावस्था

(ग) छात्रावस्था (घ) विकसित अवस्था

(ii) छात्रावस्था की तुलना विकसित पेड़ से करना क्यों ठीक नहीं है? **1**

(क) पेड़ की शाखा टूट जाती है। (ख) शाखा तक आसानी से पहुँचा नहीं जा सकता।

(ग) शाखाएँ बहुत भारी होती है। (घ) विकसित पेड़ की शाखा मुड़ नहीं पाती।

(iii) छात्रों को गुरूकुल में क्यों छोड़ा जाता था? **1**

(क) उनमें सुसंस्कार और सद्वृत्तियाँ पोषित हो। (ख) कठोर अनुशासन का पालन करना सीखे।

(ग) विद्यार्थी जीवन का महत्त्व स्वीकार हो। (घ) घर में संस्कार देना संभव नहीं।

(iv) छात्रावस्था सफ़ेद चादर के समान है, क्योंकिः **1**

(क) जैसा प्रभाव ड़ालना हो, डाला जा सकता है

(ख) एक बार प्रभाव डालने पर बदला नहीं जा सकता

(ग) जितना प्रभाव डालना हो डाला जा सकता है

(घ) छात्रों में विरोध करने की भावना नहीं पनपती

(v) विकसित विशेषण बना हैः **1**

(क) सर्वनाम से (ख) संज्ञा से

(ग) क्रिया से (घ) अव्यय से

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : **5**

डरना एक साधारण लक्षण है। हर किसी को डर लगता है– किसी न किसी चीज़ से, या फिर किसी बात से अथवा कहीं जाने या किसी काम को करने में। डर क्या है, इसे जानने के लिए यह जानना जरूरी है कि साहस क्या है? साहस एक ऐसा गुण है, जो हमें खुद डर से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। यह ठीक है कि साहस को सैनिकों, शिकारियों और देशभक्तों से ही जोड़कर देखा जाता है, लेकिन एक मन–पसंद जिंदगी जीने के लिए एक आम आदमी को भी साहस की उतनी ही जरूरत है, जितनी कि किसी योद्धा को युद्ध जीतने के लिए। मौजूदा वक्त में तो साहस की ज़रूरत लड़ने से कहीं अधिक सुरक्षित रहने के लिए है।

(i) उचित शीर्षक चुनिए : 1

(क) साहस और डर (ख) डर क्या है?

(ग) डर पर विजय (घ) साहसी बने

(ii) मनुष्य का इंसान बनना किस बात पर निर्भर है? 1

(क) साहस दिखाने पर (ख) डर पर विजय पाने पर

(ग) डर और साहस में समान रहने पर (घ) डर से मुकाबला करने की शक्ति पर

(iii) आजकल मनुष्य को साहस की आवश्यकता किस लिए है? 1

(क) युद्ध लड़ने के लिए (ख) शिकार करने के लिए

(ग) जीवन जीने के लिए (घ) सुरक्षित रहने के लिए

(iv) साहस को किससे जोड़ कर देखा जाता है? 1

(क) साधारण व्यक्तियों से (ख) देशभक्तों से

(ग) शिकारियों से (घ) सैनिकों, शिकारियों और देशभक्तों से

(v) 'सुरक्षित' का विपरीतार्थी चुनिए : 1

(क) रक्षित (ख) अरक्षित

(ग) असुरक्षित (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

3. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर उत्तर दीजिए : 5

सूरज एक नटखट बालक सा
दिन भर शोर मचाए
इधर-उधर चिड़ियों को बिखेरे
किरणों को छितराये
कलम, दरांती, बुरूश, हथोड़ा
जगह-जगह फैलाये शाम
थकी हारी माँ जैसी
एक दिया जलाएँ, धीरे-धीरे सारी
बिखरी चीज़े चुनती जाये।

(i) सूरज की तुलना किससे की गई है? 1

(क) नटखट बालक से (ख) युवक से

(ग) चिड़ियों से (घ) किरणों से

(ii) नटखट बालक दिनभर क्या करता है? 1

(क) दिनभर शोर मचाता है। (ख) चिड़ियों को उड़ाता है।

(ग) शांत बैठता है। (घ) पढ़ाई करता है।

(iii) शाम किसका प्रतीक है? **1**

(क) थकीहारी माँ (ख) चंचल महिला

(ग) मजदूर महिला (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(iv) शाम होने पर क्या जलता है? **1**

(क) दीपक (ख) पटाखे

(ग) मोमबत्ती (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(v) 'चीज़े चुनती' में कौन सा अलंकार है : **1**

(क) यमक (ख) रूपक

(ग) अनुप्रास (घ) उपमा

4. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प चुनकर लिखिए : **5**

जो बीत गई सो बात गई।
जीवन में एक सितारा था,
माना, वह बेहद प्यारा था,
वह डूब गया तो डूब गया।
अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे,
कितने इसके प्यारे छूटे,
जो छूट गए फिर कहाँ मिले;
पर बोलो टूटे तारों पर,
कब अंबर शोक मनाता है?
जो बीत गई सो बात गई।
जीवन में वह था एक कुसुम,
थे उस पर नित्य निछावर तुम,
वह सूख गया तो सूख गया;
मधुवन की छाती को देखो,
सूखी कितनी इसकी कलियाँ,
मुरझाई कितनी वटलरियाँ,
जो मुरझाई फिर कहाँ खिली,
पर बोलो सूखे फूलों पर,
कब मधुबन शोर मचाता है?
जो बीत गई सो बात गई।

(i) 'जो बीत गई सो बात गई'– से कवि क्या कहना चाहता है? **1**

(क) अतीत को याद मत करो।

(ख) जो पुराना है, वह वर्तमान में किसी काम का नहीं।

(ग) हमें परंपराओं को छोड़ देना चाहिए।

(घ) अतीत के दुःखों को याद कर वर्तमान को भी बिगाड़ना नहीं चाहिए।

(ii) अंबर के पास शोक का क्या कारण है? **1**

(क) अनेक तारे टूट जाते है। (ख) अँधेरा हो जाता है।

(ग) तारे डूब जाते है। (घ) अंबर का आनन देखने योग्य नहीं रहा।

(iii) मधुबन शोर क्यों नहीं मचाता? **1**

(क) कलियों के सूख जाने पर प्रसन्न होता है। (ख) मन–ही–मन दुःख झेलता रहता है।

(ग) नए फूलों का स्वागत करता है। (घ) जो हो गया, उसे चुपचाप स्वीकार करता है।

(iv) सितारे और फूल किसके प्रतीक है? **1**

(क) किसी प्रिय व्यक्ति के, जो बिछड़ गया है।

(ख) अतीत में मिले सुखों के

(ग) सुखद परिस्थितियों के

(घ) प्रकृति के उन तत्वों के जो अब प्रदूषण के कारण समाप्त हो रहे है।

(v) काव्यांश में आए दो समानार्थी शब्द हैः **1**

(क) मधुबन, अंबर (ख) अंबर, आनन

(ग) कलियाँ, वटलरियाँ (घ) सूखी, मुरझाई

खण्ड 'ख'

5. (क) निम्नलिखित विकल्पों से अकर्मक क्रिया का सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

(i) सुनाया (ii) सुनवाया

(iii) सुना (iv) सुन

(ख) निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया का उचित विकल्प चुनिए : **1**

(i) बचा (ii) बढ़ा

(iii) जागा (iv) देखा

(ग) निम्नलिखित में से अकर्मक क्रिया वाला वाक्य चुनिए : **1**

(i) अतिथि ने भोजन किया। (ii) चित्रा हँसती है।

(iii) राहुल गीत सुनाता है। (iv) वह बच्चों का टॉफी खिलवाता है।

(घ) निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया वाला वाक्य चुनिए : **1**

(i) विवेक सदा पढ़ता रहता है। (ii) स्नेह बस पर चढ़ गयी।

(iii) बच्चा साईकिल से गिर पड़ा। (iv) महेश ने घर खरीदा।

6. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में एक कर्मक क्रिया प्रयुक्त नहीं हुई है? 1

(i) काजल पत्र लिखती हैं।

(ii) पक्षी चहचहा रहे हैं।

(iii) अध्यापक ने बच्चों को अच्छी-अच्छी बातें बताई।

(iv) पिताजी ने खाना बनवाया।

(ख) 'सूर्य पूर्व दिशा से निकलता है'- वाक्य में प्रयुक्त क्रिया भेद का निम्नलिखित में से उचित विकल्प चुनिए : 1

(i) सकर्मक (ii) अकर्मक

(iii) एककर्मक (iv) द्विकर्मक

(ग) 'भारत ने मैच जीत लिया होगा'- वाक्य में प्रयुक्त सहायक क्रिया का विकल्प चुनिए। 1

(i) जीत (ii) लिया

(iii) होगा (iv) लिया होगा

(घ) 'दादाजी रामायण पढ़ रहे हैं'- वाक्य में प्रयुक्त मुख्य क्रिया का विकल्प चुनिए। 1

(i) रहे (ii) पढ़

(iii) हैं (iv) पढ़ रहे हैं

7. (क) 'मैंने अपना हिस्सा खा लिया' इस वाक्य में रेखांकित क्रिया के भेद का सही विकल्प चुनिए : 1

(i) मुख्य क्रिया (ii) संयुक्त क्रिया

(iii) सहायक क्रिया (iv) तीनों में से कोई नहीं

(ख) रजत बड़ी तेज़ी से _____ है। (अकर्मक) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार उचित क्रिया का विकल्प चुनिए : 1

(i) दौड़ (ii) दौड़ा

(iii) दौड़ता (iv) दौड़ाया

(ग) सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। रेखांकित की क्रिया का सही विकल्प चुनिए : 1

(i) अकर्मक क्रिया (ii) संयुक्त क्रिया

(iii) मुख्य क्रिया (iv) सहायक क्रिया

(घ) कर्म के आधार पर क्रिया के _____ भेद हैं। 1

(i) चार (ii) दो

(iii) पाँच (iv) चार

8. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषणों के भेद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।

(क) मेरा छोटा भाई आठवीं कक्षा में पढ़ता है। **1**

(i) परिमाणवाचक (ii) संख्यावाचक

(iii) गुणवाचक (iv) सार्वनामिक

(ख) खीर में थोड़ी चीनी और मिलाओ। **1**

(i) गुणवाचक (ii) अनिश्चित परिमाणवाचक

(iii) निश्चित परिमाणवाचक (iv) निश्चित संख्यावाचक

(ग) बाजार से बीस किलो चीनी खरीदनी है। **1**

(i) निश्चित संख्यावाचक (ii) गुणवाचक

(iii) परिमाणवाचक (iv) अनिश्चित संख्यावाचक

(घ) प्रेमचंद हिंदी के सर्वोत्तम कथाकार हैं। **1**

(i) सार्वनामिक (ii) गुणवाचक

(iii) संख्यावाचक (iv) परिमाणवाचक

9. (क) 'सामने' शब्द क्रिया विशेषण के किस भेद के अंतर्गत आता है : **1**

(i) कालवाचक (ii) स्थानवाचक

(iii) रीतिवाचक (iv) परिमाणवाचक

(ख) तुम कब आओगे? रेखांकित शब्द में कौन सा क्रिया विशेषण है? **1**

(i) कालवाचक (ii) रीतिवाचक

(iii) परिमाणवाचक (iv) स्थानवाचक

(ग) सफलता पाने के लिए _____ परिश्रम करो। **1**

रिक्त स्थान उचित रीतिवाचक क्रिया विशेषण चुनकर भरिए।

(i) नित्य (ii) रोज

(iii) साधनापूर्वक (iv) बहुत

(घ) क्रिया विशेषण के _____ भेद हैं। **1**

(i) दो (ii) तीन

(iii) चार (iv) पाँच

खण्ड 'ग'

10. बालगोबिन भगत की मौत उन्हीं के अनुरूप हुई। वह हर वर्ष गंगा-स्नान करने जाते। स्नान पर उतनी आस्था नहीं रखते, जितना संत-समागम और लोक-दर्शन पर। पैदल ही जाते। करीब तीस कोस पर गंगा थी। साधु को संबल लेने का क्या हक? और, गृहस्थ किसी से भिक्षा क्यों माँगे? अतः, घर से खाकर चलते, तो फिर घर पर ही लौटकर खाते। रास्ते भर खँजड़ी बजाते, गाते जहाँ प्यास लगती, पानी पी लेते। चार-पाँच दिन आने-जाने में लगते; किंतु इस लंबे उपवास में भी वही मस्ती! अब बुढ़ापा आ गया था, किंतु टेक वही जवानी वाली। इस बार लौटे तो तबीयत कुछ सुस्त थी। खाने-पीने के बाद भी तबीयत नहीं सुधरी, थोड़ा बुखार आने लगा।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए : **5**

(i) भगत प्रतिवर्ष गंगा स्नान क्यों जाते? **1**

(क) आस्था के कारण (ख) साधु होने के कारण

(ग) संत-समागम, लोक दर्शन के कारण (घ) नेमव्रत के कारण

(ii) भगत गंगा स्नान के दौरान उपवास रखते थे क्योंकि : **1**

(क) धर्म में आस्था रखते थे (ख) साधु थे

(ग) गृहस्थ थे (घ) साधु को संबल और गृहस्थ को भिक्षा का हक नहीं

(iii) गंगा स्नान जाते समय रास्ते में क्या करते : **1**

(क) खँजड़ी बजाते, गाना गाते (ख) खाना खाते

(ग) पानी पीते (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(iv) भगत को गंगा स्नान के लिए आने-जाने में कितना समय लगता : **1**

(क) एक-दो दिन (ख) चार-पाँच दिन

(ग) छः-सात दिन (घ) तीन-चार दिन

(v) भगत की तबीयत क्यों सुस्त थी क्योंकि : **1**

(क) गंगा स्नान से लौटे थे। (ख) उपवास रखते थे।

(ग) पैदल चलते थे। (घ) अब बूढ़े हो चुके थे।

अथवा

लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल का तरीका जानते है। ग्राहक के लिए जीरा-मिला नमक और पिसी हुई लाल मिर्च की पुड़िया भी हाज़िर कर देते हैं। नवाब साहब ने बहुत करीने से खीरे की फाँकों पर जीरा-मिला नमक और लाल मिर्च की सुर्खी बुरक दी। उनकी प्रत्येक भाव-भंगिमा और जबड़ों के स्फुरण से स्पष्ट था कि उस प्रक्रिया में उनका मुख खीरे के रसास्वादन की कटपना से प्लावित हो रहा था। हम कनखियों से देख रहे थे, मियाँ रईस बनते थे, लेकिन लोगों की नज़रों से बच सकने के ख्याल में अपनी असलियत पर उतर आए है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर उत्तरों के सही विकल्प चुनकर लिखिए : **5**

(i) कौन से स्टेशन पर खीरा बेचने का तरीका जानते है? **1**

(क) दिल्ली (ख) मुंबई

(ग) लखनऊ (घ) इलाहाबाद

(ii) खीरा बेचने वाले खीरे के साथ क्या हाज़िर करते है : **1**

(क) जीरा (ख) नमक

(ग) लाल-मिर्च (घ) जीरा-मिला नमक और पिसी लाल मिर्च

(iii) नवाब साहब की भाव-भंगिमा और जबड़ों के स्फुरण से क्या स्पष्ट था : **1**

(क) खीरे को सजाने का प्रयास (ख) खीरे के स्वाद की कल्पना

(ग) खीरे की फाँकों को काटने का यत्न (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(iv) लेखक कनखियों से देखकर सोच रहे थे : **1**

(क) नवाब साहब की रईसी के बारे में (ख) खीरों के बारे में

(ग) खीरे के स्वाद के बारे में (घ) खीरे की सुगंध के बारे में

(v) संकलित गद्यांश के पाठ के नाम का उचित विकल्प : **1**

(क) नवाब साहब (ख) लखनवी अंदाज

(ग) खीरों का स्वाद (घ) नवाबी अंदाज

11. निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए। **2x5=10**

(क) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे? **2**

(ख) भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी? **2**

(ग) लेखक ने सेकंड क्लास का टिकट ही क्यों लिया? **2**

(घ) पाठ के आधार पर बताएँ कि बालगोबिन भगत की कबीर पर श्रद्धा किन-किन रूपों में प्रकट हुई है? **2**

(ङ) कैप्टन बार-बार मूर्ति पर चश्मा क्यों लगा देता था? **2**

12. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहर मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हते पहिलैं ही, अब गुरू ग्रंथ पढ़ाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-संदेश पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डौलत धाए।
अब अपनै मन फेर पाइ हैं, चलत जु हुते चुराए।
ते क्यौं अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।
राज धरम तौ यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए।

(क) कृष्ण ने किस प्रकार की राजनीति की थी? **1**

(ख) 'बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग-संदेश पठाए'- में किस पर तथा क्यों व्यंग्य है? **1**

(ग) पहले के लोग किस प्रकार के थे? **1**

(घ) सूर की गोपियों के अनुसार राजधर्म क्या है? **1**

(ङ) काव्यांश की भाषा बताइए? **1**

अथवा

छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ?

क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ?

सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्म-कथा?

अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।

उपर्युक्त काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

(क) कवि और कविता का नाम बताइए।

(ख) अपने जीवन को छोटा-सा कहने में कवि की किस चारित्रिक विशेषता का बोध होता है। **1**

(ग) कवि स्वयं आत्म-कथा न लिखकर क्या निर्णय लेना चाहता है? **1**

(घ) आत्म-कथा सुनाने के संदर्भ में 'अभी समय भी नहीं' कवि ऐसा क्यों कहता है? **1**

(ङ) काव्यांश में से अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण बताओ? **1**

13. निम्न प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : **5**

(क) 'उत्साह' कविता में बादल किन-किन अर्थों की तरफ़ संकेत करता है? **2**

(ख) चाँदनी रात की सुंदरता को कवि ने किन-किन रूपों में देखा है? **1**

(ग) फागुन में ऐसा क्या है, जो बाकी ऋतुओं से भिन्न है? **2**

14. 'माता का आँचल' पाठ में तीस के दशक की ग्राम्य संस्कृति का चित्रण है। आज की ग्रामीण संस्कृति में आपको किस तरह के परिवर्तन दिखाई देते है? **5**

अथवा

नाक मान-सम्मान व प्रतिष्ठा की द्योतक है। यह बात पूरी व्यंग्य रचना में किस तरह उभरकर आई है? लिखिए।

खण्ड 'घ'

15. आपका छोटा भाई अतिरिक्त पठन–पाठन के लिए पुस्तकें पढ़ने में रूचि नहीं रखता, अधिकांश समय इंटरनेट पर व्यतीत करता है। उसे पाठ्यक्रम से अतिरिक्त पुस्तकों के पढ़ने का महत्त्व बताते हुए पत्र लिखिए। **5**

अथवा

आपके बड़े भाई ने बोर्ड की परीक्षा में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। पुरस्कार में वह पिताजी से एक मोटर साइकिल चाहता है। उसे पत्र लिखकर समझाइए कि वयस्क होने से पहले वाहन चलाना ठीक नहीं है।

16. नीचे दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निबंध लिखे : **5**

वन रहेंगे हम रहेंगे ।

वनों के लाभ – प्राकृतिक सौंदर्य तथा पर्यावरण संतुलन – आवश्यकता पूर्ति के साधन – नगरीकरण का प्रभाव – क्षयपूर्ति के उपाय

अथवा

चरित्र बल ।

मानव जीवन की श्रेष्ठता की कसौटी – व्यक्ति के विकास में सहायक – चरित्रवान व्यक्ति समाज का आदर्श – चरित्र की प्राप्ति के साधन – सच्चरित्रता के अभाव में मानव किसी काम का नहीं ।

- o O o -